<u>भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण</u>

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

<u>भाविप्रा को हरित ऊर्जा उपायों के लिए सर्वश्रेष्ठ केन्द्रीय पी एस यू का राष्ट्रीय सम्मान</u>

<u>नई दिल्ली, 08 जून 2016.</u>

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को रूफ टॉप सौर ऊर्जा उपायों के लिए सर्वश्रेष्ठ केन्द्रीय पी एस यू का राष्ट्रीय सम्मान दिया गया । विज्ञान भवन में आयोजित हुए एक रंगारंग कार्यक्रम में माननीय ऊर्जा, कोयला तथा नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री जी ने यह सम्मान दिया । भाविप्रा की ओर से श्री ए.के. मिश्रा, का.नि.(इंजी.) ने पुरस्कार ग्रहण किया ।

स्वच्छ पर्यावरण प्रतिबद्धता के लिए भाविप्रा ने वर्ष 2010 में 'धूप में निवेश' लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए सौर ऊर्जा क्रांति व आत्मनिर्भरता के प्रति प्रतिबद्धता के कारण सोलर रूफ टॉप परियोजनाएं प्रारम्भ की जिनसे कार्बन उत्सर्जन में काफी कमी आई और हरित ऊर्जा उपायों को बल मिला ।

भाविप्रा सोलर रूफ टॉप के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करने में सफल रहा है, जिसके लिए 13 हवाईअड्डों पर 4.8 मेगावाट पावर रूफ टॉप सौर ऊर्जा प्लांट लगाए गए तथा 14 हवाईअड्डों पर 4.9 मेगावाट पावर के लिए कार्य दिसम्बर, 2016 में सम्पन्न हो जाएगा । विभिन्न हवाईअड्डों पर पूर्ण रूप से लगाए गए सौर ऊर्जा इकाईयों से अभी तक 51 लाख यूनिट (लगभग) सौर ऊर्जा उत्सर्जित की जा रही है ।

....जनसम्पर्क

विभाग द्वारा जारी

विस्तृत विवरण के लिए संपर्क करें:

महाप्रबंधक (ज.सं.) 011-24622787, 9811521881

सं. 14/2016-17